आकाशवाणी श्री विजयपुरम

02.06.2026 समय : 1905

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जनजातीय छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने की जरूरत है।

2. तिरेसठ वर्षों की प्रसारण यात्रा का उत्सव मनाते हुए आकाशवाणी श्री विजयपुरम में भव्य समारोह का आयोजन हुआ।

3. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

4. नशा मुक्त समाज अभियान के तहत अबरडीन पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शिक्षा, सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली साधन है। यह लोगों को आत्मनिर्भर, जागरुक और सक्षम बनाती है। आज नई दिल्ली में जनजातीय छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सही विकास तभी संभव है जब समाज के सभी वर्ग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से प्रगति करें। केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनजातीय समुदायों के युवाओं को सशक्त बनाने और उनका उत्थान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। छात्रवृत्ति योजनाएं केवल वित्तीय सहायता का साधन नहीं हैं, बल्कि ये युवाओं के सपनों को देखने का अधिकार देती हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि छात्रवृत्तियां उन युवाओं के जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोलती हैं, जिनमें अपार प्रतिभा है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे प्रगति करने से वंचित रह जाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति, आशा और उज्ज्वल भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने युवाओं, विशेषकर जनजातीय समुदायों के युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी जड़ों को न भूलें।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजय पुरम ने आज अपना तिरेसठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी की सिग्नेचर ट्यून के प्रसारण के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्या रीता बनर्जी उपस्थित रहीं। आकाशवाणी की सहायक निदेशक कार्यक्रम मीना प्रकाश ने स्वागत भाषण दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में एमजे ग्रुप द्वारा गणेश वंदना एवं देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। असाइनी कलाकारों ने छोटा नागपुरी नृत्य, निकोबारी लोकनृत्य तथा कव्वाली की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सुजाता टीम द्वारा फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत किया गया। तरन्नुम मोहम्मद और हेमलता द्वारा कशमीरी शैली का मनमोहक नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केंद्र श्री विजयपुरम के उप महानिदेशक एवं क्लस्टर प्रमुख सी. सुब्बा राव ने कहा –

बाइट– सी सुब्बाराव– 34 से.

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय समाचार एकांश के प्रभारी अंकित कुलश्रेष्ठ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में कार्यक्रम निष्पादक जयशीला जसिंता लकड़ा ने उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने बताया है कि उत्तर पुस्तिकाओं में पाई गई त्रुटियों के सत्यापन और उनके पुनर्मूल्यांकन के लिए पोर्टल आज से शुरू हो गया है। यह पोर्टल 6 जून तक खुला रहेगा। सीबीएसई ने कहा है कि यह सुविधा केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की प्रति प्राप्त कर ली है। बोर्ड ने बताया है कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए आधार सत्यापन को शामिल किया गया है। जिन बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं है, उनके माता–पिता, रिश्तेदार या अभिभावक के आधार कार्ड का उपयोग किया जा सकता है। विद्यार्थियों को प्रतियों में पाई गई त्रुटियों के सत्यापन के लिए प्रति उत्तर पुस्तिका सौ रुपये और पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति प्रश्न पच्चीस रुपये का भुगतान करना होगा। शुल्क का भुगतान केवल यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग जैसे ऑनलाइन माध्यमों से किया जा सकता है।

<><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, अंडमान निकोबार क्षेत्रीय केंद्र तथा पर्यावरण सूचना, जागरुकता, क्षमता निर्माण एवं आजीविका कार्यक्रम केन्द्र द्वीपीय जैव विविधता द्वारा विभिन्न जागरुकता एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में चित्रकला प्रतियोगिता, द्वीप समूह की जैव विविधता पर एल ई डी प्रदर्शनियों, पुस्तिकाओं एवं ब्रोशरों के माध्यम से प्रदर्शनी, विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम पर विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय संगोष्ठी, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, पौध वितरण तथा समुद्र तट सफाई अभियान शामिल हैं। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य विषय "अब जलवायु के लिए" रखी गई है, जो जलवायु परिवर्तन और उस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर केंद्रित है। इस वर्ष की मेजबानी अज़रबैजान कर रहा है। कल सुबह साढ़े सात सेल्युलर जेल से जेड एस आई कार्यालय तक पर्यावरण जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना है।

<><><><><><>

नशामुक्त समाज की दिशा में अपने अभियान को जारी रखते हुए एबरडीन पुलिस थाना ने पिछले दिनों दो अलग–अलग मादक पदार्थ विरोधी अभियानों में सफलता हासिल करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा मेथामफेटामाइन, साइकोट्रॉपिक गोलियां और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। थाना प्रभारी एबरडीन निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दक्षिण अंडमान के एस डी पी ओ दीपेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में दो स्थानों पर छापेमारी की। पहली कार्रवाई मजार पहाड़ क्षेत्र में आरोपी से दो दशमलव सोलह ग्राम मेथामफेटामाइन तथा सैतालीस नाइट्राजेपाम टैबलेट बरामद की। दूसरी कार्रवाई में फीनिक्स बे स्थित के पास आरोपी से दो दशमलव छियासी ग्राम मेथामफेटामाइन बरामद हुई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत अलग–अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के विकास अनुभाग–4 ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए मुख्यभूमि के विभिन्न संस्थानों में बी.ई./बी.टेक लेटरल एंट्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष द्वीपसमूह के डिप्लोमा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए 10 सीटें आवंटित की जाती हैं। उपलब्ध सीटों में बी.ई. (सिविल) की 2 सीटें, बी.ई. (कंप्यूटर साइंस) की 2 सीटें, बी.ई. (इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग) की 1 सीट, बी.ई. (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) की 2 सीटें तथा बी.ई. (मैकेनिकल) की 3 सीटें शामिल हैं। ये सीटें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के विभिन्न इंजीनियरिंग संस्थानों में उपलब्ध कराई जाएंगी। अभ्यर्थी कल से 20 जून तक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कॉलेज एडमिशन डॉट अंडमान निकोबार डॉट गॉव इन पर देखा जा सकता है।

<><><><><><>

डिगलीपुर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में व्याख्याता एवं प्रयोगशाला तकनीशियन के पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये नियुक्तियां 11 माह की अवधि के लिए की जाएंगी। आवेदन प्रपत्र अंडमान निकोबार प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून है।

<><><><><><>

ए एन टी सी सी के चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष टीएसजी भास्कर ने डॉलीगंज मैदान में आयोजित डीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेकर खिलाड़ियों से मुलाकात की। श्री भास्कर ने युवाओं के खेलों के प्रति उत्साह की सराहना करते हुए टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

<><><><><><>